प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 29.11.2025

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवा रायपुर में आयोजित डीजीपी–आईजी कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता कर रहे हैं–केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अगली डीजीपी कॉन्फ्रेंस से पहले देश नक्सलवाद की समस्या से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा।

- संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ की जिला कांग्रेस कमेटियों के नए अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है।

<u>डीजीपी–सम्मेलन</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के साठवें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री आज और कल सम्मेलन के तहत निर्धारित विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे।

नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल प्रारंभ हुआ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सम्मेलन आंतरिक सुरक्षा से जुड़े समाधान प्रस्तुत करने वाले एक महत्त्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो रणनीति निर्माण और नीतिगत दिशा तय करने के व्यापक सिद्धांतों को रेखांकित करता है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने खुफिया सूचनाओं की सटीकता, उद्देश्यों की स्पष्टता और क्रियान्वयन में तालमेल को नए दौर के खतरों से देश की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में होने वाली चर्चाएं 'विकसित भारत' के लिए पुलिस व्यवस्था के रोडमैप को तैयार करने में सहायक साबित होंगी।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने विगत सात वर्षों में पांच सौ छियासी फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन बनाकर सुरक्षा घेरे को मजबूत बनाया है और इसी का परिणाम है कि दो हजार चौदह में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या एक सौ छब्बीस थी, जो आज घटकर सिर्फ ग्यारह रह गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगली डीजीपी–आईजी कॉन्फ्रेंस से पहले देश नक्सलवाद की समस्या से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा।

इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भाग ले रहे हैं।

<u>जीडीपी</u>

भारत के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आठ दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार जुलाई–सितंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, क्योंकि जीएसटी दर में कटौती के बाद खपत में वृद्धि की उम्मीद में कारखानों ने उत्पादन बढ़ा दिया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव आठ प्रतिशत दर्ज की गई थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस वृद्धि दर को उत्साहजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव का परिणाम है।

इस बीच, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने अपने दुर्ग प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत की जीडीपी लगातार बढ़ रही है। जीडीपी बढ़ती है, तो उसका फायदा हर वर्ग को होता है।

संसद–सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इससे पहले सरकार ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बैठक में संसद के दोनों सदनों के राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र उन्नीस दिसंबर तक चलेगा। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और उनके पारित होने की संभावना है।

उपमुख्यमंत्री–एसआईआर कार्रवाई

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के दौरान संभावित फर्जी प्रविष्टियों और संदिग्ध नामों के पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यदि मतदाता सूची में किसी के नाम फर्जी तरीके से जोड़े गए हैं या दस्तावेजों में गंभीर विसंगतियां हैं, तो ऐसे व्यक्तियों पर अवश्य वैधानिक कार्रवाई होगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अट्ठाईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<u>मुख्यमंत्री—बैठक</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल मंत्रालय में ''छत्तीसगढ़ अंजोर विजन'' के तहत शिक्षा विभाग के लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्यों की प्राप्ति का सबसे सशक्त आधार शिक्षा है, क्योंकि दक्ष, कुशल और स्मार्ट बच्चे ही भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे।

<u>श्रम संहिता</u>

केंद्र सरकार द्वारा लागू चार नई श्रम संहिताओं का विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया है। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए चारों श्रम कानून श्रमिकों के लिए निश्चित रूप से लाभकारी साबित होंगे।

<u>इफ्फी</u>

छप्पनवां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव—इफ्फी कल एक शानदार अंदाज में संपन्न हो गया, प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत को सिनेमा में उनके पचास वर्षों के योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से

सम्मानित किया गया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अभिनेता रजनीकांत को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कांग्रेस–जिला अध्यक्ष

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ की जिला कांग्रेस कमेटियों के नए अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने इकतालीस शहर और ग्रामीण अध्यक्षों की सूची जारी की है। इसमें श्रीकुमार मेनन को रायपुर शहर और राजेंद्र पप्पू बंजारे को रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह अन्य जिलों में भी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कोरिया'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

- रायपुर के शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार "भारत में लोकतंत्र के पचहत्तर वर्ष और भारतीय ज्ञान प्रणाली : बहु–विषयी दृष्टिकोण" का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में देश–विदेश से आए विद्वान, शोधार्थी, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए।

- स्कूल शिक्षा विभाग ने सक्ती जिले के डभरा, जैजैपुर और मालखरौदा के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई स्वच्छता सामग्री खरीदी में अनियमितता के मामले में की गई है।

- भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने दुर्घटना–जनित परिस्थितियों और सुरक्षा संबंधी चूक के मामले में सिंटर प्लांट–तीन और उर्जा प्रबंधन विभाग के दो महाप्रबंधकों को निलंबित कर दिया है।

<><><><><>